an>

Title: Need to send a special central team to check illegal mining in Uttarakhand and take stringent action against those found guilty in this regard.

डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक (हरिद्वार): मैं सरकार का ध्यान उत्तराखण्ड के विभिन्न क्षेत्र एवं विशेषकर दून वैली के अंतर्गत और आस-पास, आसन कन्जर्वेशन रिजर्व एवं हरिद्वार, देहरादून, टिहरी जनपद के विभिन्न क्षेत्र गंगा, यमुना एवं अन्य क्षेत्र में बड़े पैमाने पर हो रहे अवैध खनन की ओर दिलाना चाहता हूं।

अवैध खनन से पर्यावरण एवं जलवायु पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है व नदियों की धारा बदलकर गांवों को तबाह करती है तथा मानवीय व प्राकृतिक संपदा का विनाश हो रहा है। इसके कारण समय-समय पर भयंकर प्राकृतिक आपदा भी आती है। मेरी जानकारी में आया है कि जहां बिना पर्यावरणीय स्वीकृति के खनन हो रहा है यहां राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आंकलन प्राधिकरण (एसईआईएए) द्वारा भी सहमति से पूर्व इनका सही अध्ययन नहीं किया और सर्वोच्च न्यायालय द्वारा गठित सेन्ट्रल इम्पार्वमेंट समिति के निर्देशों की अवहेलना खुल्लम-खुल्ला हो रही है, इससे करोड़ों रूपये की राजस्व हानि भी हो रही है।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से आग्रह है कि तत्काल प्रभाव से केन्द्रीय विशेष दल को उत्तराखण्ड भेजकर प्रभावी कार्यवाही करते हुए अवैध खनन रोकने के साथ-साथ जिम्मेदार लोगों और अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने का कष्ट करें।